



# आसन-क्वारी, सोन नदियां उफनी, रपटा डूबे, आवाजाही बंद

## सैकड़ों बीघा खेतों में भरा पानी, फसलें नष्ट, घरों में रखा गृहस्थी का सामान बर्बाद

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 27 जुलाई ।** अंचल में हो रही बारिश अब लोगों के लिए आफत बनती जा रही है। अंचल की क्वारीए आसनए सोन नदियों में उफान आने से दर्जनों गांवों में पानी भर गया। वहीं सबलगढ़, कैलारस, सुमावली, बानमोर, पोरसा क्षेत्र के कई रपटों पर पानी आने से आवागमन ठप्प हो गया। मुरैना के डोमपुरा गांव में तो पानी भरने से सैकड़ों बीघा खेतों में खड़ी फसल बर्बाद हो गई और लोगों की गृहस्थी का सामान नष्ट हो गया।

मुरैना में आसन नदी में आए उफान से एबी रोड किनारे बसे डोमपुरा गांव खेत-खलिहानों व घरों के चारों ओर पानी भर गया। गांव की सैकड़ों बीघा जमीन में खड़ी बाजरा की फसल बर्बाद हो गई। यहां बना रपटा पूरी तरह से डूब गया। रविवार को शाम 4 बजे के करीब भी जिला मुख्यालय पर आधा घंटे तक तेज बारिश हुई। जिलेभर में 646 मिमी बारिश हो चुकी है।

**जौरा-बुरावली मार्ग बंद, 12 साल बाद आया इतना पानी :** शनिवार रात से लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण जौरा से बुरावली मार्ग पूरी तरह कट गया है। सड़क पर लगभग तीन फीट तक पानी भर जाने से आवागमन ठप हो गया है। इससे जौरा, बुरावली और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोग बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार, पिछले 12 वर्षों में पहली बार इतना अधिक पानी इस मार्ग पर देखा गया है। खेतों में कमर तक पानी भर जाने से फसलें जलमग्न हो गई हैं, वहीं गांवों को जोड़ने वाले संपर्क मार्ग भी प्रभावित हो गए हैं। इधर पगारा रोड पर स्थित नवोदय स्कूल के प्रांगण, ऑफिस व क्लासरूम में पानी भर गया, जिससे स्कूल की छुट्टी कर छात्रों को शासकीय छात्रावास में शिफ्ट किया गया।



**बानमोर में सांक नदी के रपटे पर 7 फीट पानी से आवागमन बंद**

बानमोर से निकली सांक नदी में आए उफान से पवाया रोड स्थित रपटे पर 7 फीट तक पानी आ गया। चूंकि यहां ग्वालियर के तिघरा तिघरा डैम के गेट खोलने से सांक नदी मे बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। यहां सपचौली, खटाने का पुरा, ढकरपुरा, जखौदा, करह आश्रम, शेरपुर, जीवाराम का पुरा, खैरवाया तथा मारवाड़ी का पुरा सहित एक दर्जन से अधिक गांवों के लोगों को 20 किमी का चक्कर लगाकर नूराबाद टेकरी होते हुए अपने घर पहुंचना पड़ रहा है।

**अंबाह में पूठा में जलभराव, तिरपाल के नीचे शरण लिए हैं 15 परिवार :** ंबाह कस्बे में चंबल कॉलोनी के पीछे स्थित पूठा गांव में रहने वाले 15 परिवारों के लिए बारिश ने मुसीबत बढ़ा दी है। यहां रहने वाले लोगों को हवा और बारिश की बौछार से रात गुजारना मुश्किल हो जाता है। कई बार तो पूरी रात जागकर बितानी पड़ रही है। स्थिति यह हो गई है कि सुबह से लेकर रात तक यही चिंता रहती है कि क्या खाएं और क्या बच्चों को खिलाएं। अंबाह प्रखंड के वार्ड 7 में चंबल कॉलोनी के पीछे पूठा में यह 15 परिवार के सैकड़ों लोग झोपड़ी एवं तिरपाल डालकर बेबसी के बीच जीवन जी रहे हैं। झोपड़ी में रह रही बुजुर्ग महिला रजनी की अपनी आपबीती बताते हुए आंसू झलक पड़े । उन्होंने बताया कि उनकी झोपड़ियों में बारिश का पानी भर गया हैं। अधिकारियों के पास जाते हैं तो वो हमारी गरीबी का मजाक बनाते हैं। और झूठ बोलकर कहते हैं हम व्यवस्था कर रहे हैं वो लोग व्यवस्था ले नहीं रहे हमारे पास कोई अधिकारी नहीं आता। सब हमारा मजाक बना रहे हैं।



**मानपुर-गूलापुरा के बीच दो साल पहले बनी पुलिया टूटी**

जनपद पंचायत पहाड़गढ़ के अंतर्गत मानपुर और गूलापुरा पंचायत को जोड़ने के लिए करीब दो साल पहले बनाई गई पुलिस लगातार बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हो गई है। जिसकी वजह से दोनों गांवों के बीच आवाजाही बंद हो गई है। यह रास्ता प्राचीन ईश्वरा महादेव मंदिर को भी जोड़ता है। पुलिया के टूटने से सावन के महीने में श्रद्धालुओं को मंदिर तक पहुंचनें के लिए परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

**सबलगढ़ में रपटा राड़ी गांव का रास्ता बंद, स्थाई पुल निर्माण की मांग :** विकासखंड सबलगढ़ के ग्राम रपटा रायडी गांव का रास्ता बारिश से बंद हो गया है। यह स्थिति उनके सामने हर साल होती है। गांव से बाहर जाने का एकमात्र मार्ग जिस रपटे से होकर गुजरता है, वह पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। हर साल मामूली मरम्मत की जाती है, लेकिन बरसात आते ही यह रपटा बह जाता हैए जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

गांव की आबादी लगभग 2000 है, और यह रपटा इनके लिए जीवन रेखा के समान है। लेकिन प्रशासन की अनदेखी और स्थायी समाधान की कमी के कारण गांव के लोग खुद के बनाए इंतजामों के सहारे जैसे.तैसे आवागमन करते हैं।



# बॉण्डेड 7 डॉक्टर्स ने नहीं किया ज्वाईन, ओपीडी पर संकट

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/अंबाह, 27 जुलाई ।** सिविल अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाएं इस समय गंभीर संकट से गुजर रही हैं। एक ओर मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है, वहीं दूसरी ओर डॉक्टरों की अनुपलब्धता के चलते इलाज की स्थिति बेहद चिंताजनक हो गई है।

हालात यह है कि ओपीडी में प्रतिदिन 1 हजार से अधिक मरीज इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। लेकिन विशेषज्ञ डॉक्टरों के अभाव में उन्हें या तो प्राथमिक इलाज देकर लौटा दिया जाता है या जिला मुख्यालय रेफर कर दिया जाता है। उधर अस्पताल की ओपीडी में मरीजों की भीड़ लगने से वहां अफरा तफरी का माहौल बना हुआ है। कई बार इलाज के लिए नंबर नहीं आने पर मरीजों को निजी अस्पताल जाना पड़ रहा है। यहां बता दें कि शहर का सिविल अस्पताल लंबे समय से विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी झेल रहा है। जिसके चलते शासन स्तर पर सिविल अस्पताल में 7 अनुबंधित डॉक्टर भेजे गए, जिनमें कुछ विशेषज्ञ भी शामिल हैं। लेकिन इन डॉक्टरों द्वारा ज्वाइन नहीं करने के कारण अस्पताल में फैली अव्यवस्थाएं सुधरने का नाम नहीं ले रहीं हैं।

## कांग्रेस आज करेगी पुरानी कलेक्ट्रेट का घेराव, प्रदर्शन

**मुरैना, 27 जुलाई ।** खाद की किल्लत सहित नगर निगम क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं को लेकर जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में आज 28 जुलाई को धरना आंदोलन करने के बाद पुरानी कलेक्ट्रेट का प्रदर्शन करेगी। प्रदर्शन के बाद कलेक्टर के नाम ज्ञापन भी दिया जाएगा। धरना आंदोलन एवं प्रदर्शन का नेतृत्व किसान कांग्रेस जिलाध्यक्ष जितेन्द्र डंगस द्वारा किया जाएगा। प्रदर्शन में किसान कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान मुख्य रूप से मौजूद रहेंगे। कांग्रेस के प्रवक्ता हरीश पाठक ने प्रेस को जारी विज्ञप्ति में बताया कि प्रात: 11 बजे कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा नगर निगम कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसके बाद पैदल मार्च करते हुए कांग्रेस कार्यकर्ता पुरानी कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे, जहां घेराव प्रदर्शन करने के बाद कलेक्टर के नाम ज्ञापन दिया जाएगा। कांग्रेस के ग्रामीण जिलाध्यक्ष मधुराज सिंह तोमर, शहर जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने कांग्रेस के समस्त पदाधिकारियों, निर्वाचित प्रतिनिधियों सहित कार्यकर्ताओं से प्रदर्शन में शामिल होने का आव्हान किया है।

# सामाजिक कुरीतियों को मिटाने से होगा विकास : निजामुद्दीन

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना/जौरा, 27 जुलाई ।** रंगरेज लीलगर मुस्लिम समाज का सामाजिक कार्यक्रम रविवार को जौरा कस्बे में संपन्न हुआ। जिसमें

**रंगरेज लीलगर मुस्लिम समाज का कार्यक्रम आयोजित**

मुख्य अतिथि के रूप में रंगरेज फ़ाउंडेशन ऑफइंडिया के संस्थापक निजामुद्दीन खान समाज के धार्मिक नेता मुक्ति सिराज खान ग्वालियर मौजूद रहे।

मोहम्मद ओवैस कुरैशी टीम द्वारा आयोजित सामाजिक कार्यक्रम में मुख्य अतिथि निजामुद्दीन खां ने कहा कि समाज के बेहतर भविष्य के लिए शिक्षा, रोजगार और व्यापार को बढ़ावा देने के लिए सबको मिलकर काम करना होगा। सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए बुजुर्गों को भी युवाओं का साथ देना होगा। कार्यक्रम में मौजूद शरीफ खान एडवोकेट धौलपुर ने कहा कि समाज में दहेज, शिक्षा, मृत्युभोज (चालीसा) फिजूलखर्चों जैसी बुराईयां खत्म करने के लिए सबको संयुक्त प्रयास करने होंगे।



मोहम्मद ओवैस कुरैशी ने कहा कि नशाए जुआ, सट्टा, दहेज प्रथा को जड़ से समाप्त करना होगा। कार्यक्रम का संचालन इंजीनियर अफजल खान ने किया एवं आभार मोहम्मद ओवैस कुरैशी ने जताया। इस मौके पर पप्पन खान, शकील खान, रफीक खान, निसार खान, मुबारक अली, अजमेरी खान, चाचा आजाद खान, इमरान खान, संजय खान, इरफान भाई, अफजल खान, इम्तियाज खान, अकबरुद्दीन खान, शराफत अली, वफात खान, इमामुद्दीन, एहसान, नासिर खान, रशीद खान, अलाउद्दीन खान, नसरुद्दीन खान आदि समाजबंधु मौजूद रहे।

# 34 लाख लेकर कॉलोनाईजर ने की रजिस्ट्री, भूमि दूसरे को बेची

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 27 जुलाई ।** मुरैना-जौरा रोड पर रैमजापुरा के पास मैसर्स श्रीजी डवलपर्स के संचालक

**पीड़िता बोली रुपए लौटाने की बात पर प्रॉपर्टी डीलर दे रहा धमकी**

अजय कुमार पुत्र सरनाम सिंह माहौर निवासी विस्मिल नगर ने एक महिला को 34 लाख रुपए में 1650 वर्गफीट का प्लॉट बेचकर रजिस्ट्री कर दी। लेकिन जब महिला तहसील में नामांतरण कराने पहुंची तो उसे पता चला कि जिस प्लॉट की रजिस्ट्री की है, वहां तो सिर्फ 650 वर्गफीट जमीन ही बची है। पीड़ित महिला एक साल से आवेदन लेकर कभी तहसीलए कभी सिविल लाइन थाने, कभी कलेक्ट्रेट की जनसुनवाई में भटक रही है।

पीड़िता अनीता शर्मा पत्नी स्व. जितेंद्र शर्मा निवासी विक्रम नगर ने बताया कि मैने अपनी बहन सीता शर्मा पत्नी गिर्राज शर्मा निवासी तिलक रोड पंचायती धर्मशाला के साथ संयुक्त रूप से 6 सितंबर 2024 को जीवाजी गंज स्थित श्रीजी डवलपर्स के संचालक अजय कुमार माहौर से रैमजापुरा के पास सर्वे क्रमांक 2023 के अंश भाग पर 1650 फीट की रजिस्ट्री कराई, जिसके एवज में 34 लाख रुपए आरोपी अजय माहौर को दी।

जब हम तहसील में नामांतरण के लिए पहुंचे तो बताया गया कि अजय कुमार माहौर ने 5500 वर्गफीट जमीन कैलादेवी फ्लोर मिल वालों से खरीदी थी, जिसमें से 4726 वर्गफीट जमीन की रजिस्ट्री वह चार लोगों को कर चुका है। उसके खाते में मात्र 654 वर्गफीट जमीन थी, फिर भी प्रोपर्टी डीलर ने हमें 1650 वर्गफीट जमीन की रजिस्ट्री कर 34 लाख रुपए हड़प लिए।

**इनका कहना है...**

जमीन की रजिस्ट्री संबंधी केस में तहसीलदार अगर हमें प्रतिवेदन बनाकर दे देंगे तो हम आरोपी प्रॉपर्टी डीलर के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर लेंगे।
– दर्शन शुक्ला
टीआई सिविल लाइन

## एक नजर में



**कवि तेज नारायण शर्मा 'बेचैन' को मिला प्रेमवाणी सम्मान**

**मुरैना/जौरा, 27 जुलाई ।** नगर के गौरव और हास्य-व्यंग्य के राष्ट्रीय स्तर के कवि तेजनारायण शर्मा बेचैन को प्रेमवाणी सम्मान से सम्मानित किया गया है। 26 जुलाई की रात मेरठ में जग सिद्ध स्वामी चिदानंद महाराज एवं देश के विख्यात कवि हरिओम पंवार द्वारा तेज नारायण शर्मा को जब प्रेम वाणी सम्मान से सम्मानित किया गया तो सदन में मौजूद सैकड़ों लोगों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। प्रेम वाणी सम्मान के तहत तेज नारायण को सम्मान मूर्ति, एक लाख 51 हजार रुपए नकद दिए गए। अपनी सटीक एवं स्फूर्ति व्यंग्य से देश-दुनिया के मंचों पर श्रोताओं का सहज सम्मान बटोरने वाले काका हाथरसी रतन पुरस्कार सहित कई पुरस्कारों से पूर्व में भी तेज नारायण शर्मा पुरस्कृत हो चुके हैं।

**एनसीव्हीटी ऑनलाईन सीबीटी परीक्षा आज से शुरू**

**मुरैना।** एनसीव्हीटी ऑनलाइन सीबीटी परीक्षा 28 जुलाई से 20 अगस्त 2025 के मध्य आयोजित होगी। इस परीक्षा के लिए पोर्टल पर उपलब्ध करा दिए गए है। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य जीएस सोलंकी ने बताया कि परीक्षा में सम्मिलित होने वाले समस्त परीक्षार्थी त्मअपेमक भ्ंसस ज्पबामज अनुसार परीक्षा में उपस्थित होना सुनिश्चित करें। समस्त शासकीय, प्राइवेट आईटीआई संचालक, प्राचार्य परीक्षार्थियों को सूचित करना सुनिश्चित करें।

**टीएल बैठक का आयोजन आज होगा**

**मुरैना।** कलेक्टर की अध्यक्षता में टीएल बैठक 28 जुलाई को प्रात: 11 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष मुरैना में आयोजित होगी। बैठक में समस्त अधिकारी उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

# मृगपुरा सामुदायिक भवन में रखा मिला खाद, किया शील्ड

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 27 जुलाई ।** जिलास्तरीय निरीक्षण दल एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी ने गत दिवस सामुदायिक भवन ग्राम पंचायत मृगपुरा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान

**कलेक्टर के आदेश पर कृषि विभाग की टीम की कार्रवाई**

सामुदायिक भवन एवं मुख्य द्वार पर संचालित मैसर्स कैलादेवी एग्रो ट्रेडर्स तथा मृगपुरा के नाम का बोर्ड एवं बैनर लगे हुए थे।

फर्म कैलादेवी एग्रो ट्रेडर्स मृगपुरा के प्रोपराइटर पवन सिंह परमार ने बताया कि मैं बाहर हूं। इस कारण से आने में असमर्थ हूं एवं पंचायत सचिव शिवराम सिंह परमार से दूरभाष पर चर्चा हुई। चर्चा के दौरान दूसरी ग्राम पंचायत इमलिया में होना बताया जाकर आने में असमर्थता व्यक्त की गई। इस स्थिति एवं शक के आधार पर सामुदायिक भवन ग्राम पंचायत मृगपुरा में अवैध रूप से खाद एवं बीज भण्डारण की संभावना को देखते हुए दल पंचायत भवन को सील्ड कर दिया।



# मरीजों को फल बांटे, पर्यावरण संरक्षण के लिए रोपे पौधे

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 27 जुलाई ।** बिस्मिल शिक्षा एवं जनकल्याण सेवा संस्थान ने रविवार को सेवा-समर्पण सप्ताह का शुभारंभ किया। वसुधैव कुटुंबकम की भावना पर आधारित यह अभियान शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण और मानव सेवा के माध्यम से सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने का प्रयास है। सप्ताह भर चलने वाले इस आयोजन में विविध गतिविधियों के जरिए समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का लक्ष्य रखा गया है।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला अस्पताल में हुआ, जहां संगठन के पदाधिकारियों ने विभिन्न वार्डों में भर्ती मरीजों और उनके परिजनों को ताजे फल बांटे। इस अवसर पर



मरीजों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। साथ ही, पर्यावरण संरक्षण के लिए पुरानी हाउसिंग कॉलोनी में पौधे रोपे गए, जिनकी देखभाल का संकल्प लिया गया।

इस आयोजन में समाजसेवी विमलेश कुमार यादव, सतंजय मिश्रा, रघुराज परमार, बीईओ पहाड़गढ़ रामावतार सिंह चंबल, जगदीश शर्मा, प्रौढ़ शिक्षा डॉ हरेंद्र तोमर, रामबरन सिंह पायथा, तिलक सिंह सिकरवार, गिरीश शर्मा, विनोद शर्मा, रूप सिंह, नितेंद्र सिंह नीतू, राजेंद्र शर्मा, रामबरन शर्मा, कमलेश शर्मा, अभिषेक सिंह, शिवा यादव प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# मिनी-सीनियर वर्ग में पोरसा, जूनियर वर्ग में अंबाह विजेता

**नवभारत न्यूज**
**मुरैना, 27 जुलाई ।** कस्बे के नागाजी सरोवर परिसर में चल रही जिलास्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में पहले दिन रोचक मुकाबले हुए।

**पोरसा में चल रही कबड्डी प्रतियोगिता**

प्रतियोगिता में मिनी वर्ग में पोरसा ब्लॉक, जूनियर वर्ग में अंबाह ब्लॉक, सीनियर वर्ग में पोरसा की बालिकाएं प्रथम रहीं। इस प्रतियोगिता में जिले के 280 से अधिक स्कूली छात्र-छात्राएं हिस्सा ले रहे हैं।

प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद थाना प्रभारी रामनरेश यादव ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेलों से तन-मन स्वस्थ रहता है। बस जरूरी है आज के दौर में हमें नशा से बचना चाहिए। क्योंकि नशा से कई राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों का कैरियर बर्बाद हो गया है।

**तीन कैटेगिरी में हो रहा प्रतियोगिता का आयोजन :** तीन वर्गों में चल रही कबड्डी प्रतियोगिता में मिनी वर्ग में कक्षा छह से आठ में पढ़ने वाले 14 साल से कम उम्र के छात्र, जूनियर वर्ग में कक्षा 9 से 10 तक के 17 साल से कम उम्र के छात्र और सीनियर वर्ग में कक्षा 11 और 12 के 19 साल की कम उम्र के छात्र हिस्सा ले रहे हैं।



**अलग-अलग कैटेगिरी में यह टीमें रहीं अव्वल :** कबड्डी प्रतियोगिता के मिनी वर्ग में पोरसा ब्लॉक की बालक टीम प्रथम, अंबाह दूसरे स्थान पर रही। बालिका वर्ग में पोरसा ब्लॉक की टीम प्रथम और मुरैना टीम दूसरे स्थान पर रही।

जूनियर बालक वर्ग में अंबाह ब्लॉक प्रथम, पोरसा ब्लॉक दूसरे स्थान पर रहा। बालिका वर्ग में पोरसा ब्लॉक प्रथम, जौरा द्वितीय स्थान पर रहा। सीनियर बालक वर्ग में पोरसा ब्लॉक प्रथम तथा सबलगढ़ ब्लॉक द्वितीय स्थान पर रहा।

बालिका वर्ग में पोरसा को प्रथम स्थान मिला कोई टीम नहीं होने के कारण दूसरा स्थान किसी को नहीं मिला।

**प्रतियोगिता में यह भी बतौर अतिथि रहे मौजूद**

कबड्डी प्रतियोगिता में रैफरी श्यामपाल सिंह, विश्वनाथ सिंह गुर्जर, वीरभान सिंह जादौन, अखिलेश गौड़, सुखविंदर सिंह गुर्जर, अनामिका तोमर निभा रहीं हैं। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि बीईओ नरेंद्र सिंह तोमर, उपदेश सिंह तोमर, राहुल मावई, शिवकुमार शिवहरे, मुस्ताक खां, हरिओम गहलोत, सुनील सखवार आदि भी मौजूद रहे।